# पीएम एक्सीलेंस कॉलेज बेहाल : हवा-पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं की समस्याओं से जूझ रहे छात्र

## जिले के स्वशासी शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय का प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस नाम तो बदला लेकिन समस्याएं नहीं हुईं दूर







नवभारत न्यूज

**सीधी 1 सितम्बर। पीएम एक्सीलेंस कालेज का हाल बेहाल है। हवा-पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं की समस्याओं से छात्र जूझ रहे हैं। जिले के स्वशासी शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय का प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस नाम तो बदला लेकिन समस्याएं दूर नही हुई।**

पीएम एक्सीलेंस कॉलेज सीधी के पुराने कॉलेज भवन में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं सुविधाओं के लिए मोहताज हो रहे हैं। पेयजल, शौंचालय, फर्नीचर, पंखे की समस्या बनी हुई है। जर्जर भवन के साथ खेल मैदान भी अस्त-व्यस्त है। अध्ययनरत छात्रों के द्वारा कॉलेज प्रबंधन पर सवाल उठाते हुए कहा गया कि पीएम एक्सीलेंस का सिर्फ नाम है पीएम एक्सीलेंस कॉलेज जैसा यहां कुछ भी नहीं दिखता है। छात्र-छात्राओं के लिए कुछ भी बेहतर नहीं है क्लास में ब्लैक बोर्ड तक नहीं है, पंखे जले हुए हैं। इसके अलावा पेयजल की कोई सुविधा नहीं है, शौंचालय उपयोग लायक तक नहीं है। चारों तरफ से समस्याओं का अंबार है। छात्र-छात्राएं जब भी इस संबंध में कॉलेज प्रबंधन से बात करते हैं तो सिर्फ उसे शिकायत मान लिया जाता है, उस पर कभी समाधान की कोशिश नहीं की जाती है। कॉलेज में वाटर कूलर लगा है लेकिन यह सिर्फ सुंदरता बढ़ा रहा है, पानी नहीं निकलता है। महीनो से वाटर कूलर खराब पड़ा हुआ है। ऐसे में छात्र-छात्राएं घर से पानी लेकर आते हैं उनके द्वारा कई बार इस बात को सामने रखा गया, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। उक्त कॉलेज में छात्र-छात्राओ को पेयजल, प्रशाधन, हवा, बैठने की व्यवस्था जैसे मूलभूत सुविधाएं तक नहीं मिल पा रही हैं।

### नशेड़ियों का अड्डा बन गया खेल मैदान

कॉलेज के बगल में खेल मैदान नशेड़ियों का अड्डा बन गया है। चारों तरफ से अतिक्रमण है। झोपड़ी, पाइपलाइन सहित अन्य कार्य इसी मैदान पर होते हैं। ड्राइविंग सीखने भी लोग यहीं आते हैं, कारण यह कि ना तो यहां बाउंड्रीवाल का निर्माण कराया गया है और ना ही सीमांकन हुआ है। कॉलेज को यही नहीं पता है कि उसकी जमीन कहां तक है। छात्र-छात्राओं द्वारा इस संबंध में भी आवाज उठाई गई है और कहा गया है कि कॉलेज प्रबंधन सीमांकन करा करके बाउंड्रीबाल का निर्माण करा दिया जाए, जिससे कि कॉलेज में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को खेलने की सुविधा मिल सके। अभी छात्र-छात्राएं छत्रसाल स्टेडियम में खेलने के लिए जाते हैं।

### छात्रों की जुबानी, कॉलेज के दुर्दशा की कहानी



कॉलेज में किसी तरह की व्यवस्था नहीं है। पीने के लिये पानी घर से लाना पड़ता है। शौंचालय की सुविधा ना होने से प्रसाधन के लिये बाहर जाना पड़ता है। क्लासरूम में स्थिति यह है कि अधिकांश पंखे बंद हैं, गर्मी में छात्रों की काफी फजीहत होती है। कई बार समस्या पर बताया गया पर कोई सुनवाई नहीं होती।

**आयुष सिंह चौहान-छात्र, बीकॉम प्रथम वर्ष**



कालेज में पेयजल की व्यवस्था ना होने से पानी घर से लाना पड़ता है। क्लासरूम की व्यवस्था भी सही नहीं है। छात्रों की संख्या ज्यादा है और बैठने के लिये कुर्सी कम हैं। ऐसे में एक कुर्सी में कई बच्चों को बैठना पड़ता है। जो छात्र पीछे बैठते हैं उनको कुछ सुनाई नहीं देता।

**आयुष कुमार गुप्ता-छात्र, बीकॉम प्रथम वर्ष**



कॉलेज की व्यवस्था काफी बदहाल है। पेयजल, प्रसाधन की सुविधा नहीं है। वहीं क्लासरूमों में पंखे नहीं चलते। गर्मी के कारण छात्रों को काफी परेशानी होती है। कई बार प्राध्यापकों से बात की गई, जिस पर कोई सुनवाई नहीं होती।

**अमन गुप्ता-छात्र, बीकॉम प्रथम वर्ष**

### इनका कहना है



कॉलेज में पेयजल की समुचित व्यवस्था है। वहीं शौंचालय एवं प्रसाधन कक्षों की सफाई भी दिन में दो बार होती है। जिसकी मॉनीटरिंग वह स्वत: करते हैं। कॉलेज के पुराने भवन के दो कक्ष निर्वाचन कार्य के लिये दिये गये थे, जिसका ताला हाल ही में खोला गया है। इन कक्षों में कुछ छतों के प्लास्टर गिरे हुये हैं, इसी वजह से इनको अभी उपयोग में नहीं लिया गया है। मरम्मत के बाद ही इनका उपयोग होगा। दो महीने बाद उनके द्वारा कॉलेज में ज्वाइनिंग की गई है। यदि पंखे कुछ बिगड़े हैं तो उनका सुधार कराया जायेगा।

**डॉ.पी.के.सिंह, प्राचार्य**
**पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सीधी**

# सेमरिया में हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान संकल्प का आयोजन

नवभारत न्यूज

**सेमरिया 1 सितम्बर। शासकीय गुरुकुल कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरिया में आज हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान संकल्प का आयोजन किया गया।**



इस कार्यक्रम का आयोजन जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में विद्यालय के प्राचार्य हनुमान प्रसाद मिश्रा के नेतृत्व में किया गया था, जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वही विद्यालय में समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है जिनमें छात्रों को शिक्षा और व्यक्तिगत विकास के अवसर प्रदान किए जाते हैं। प्राचार्य हनुमान प्रसाद मिश्रा का उद्देश्य है छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना और उन्हें समाज के जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना है। हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान संकल्प कार्यक्रम इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है जिसमें छात्रों को अपने विद्यालय और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के बारे में जागरूक किया जाता है। इस दौरान मुख्य रूप से कार्यक्रम में राघवेन्द्र पाण्डेय, शिवनारायण पाण्डेय, रामनारायण त्रिपाठी, पुष्पराज पाण्डेय, माया सिंह, मंजुलता अग्निहोत्री, मधुलिका सिंह, रमा सिंह, राजेश कुमार दुबे, भूपेंद्र कुमार सिंह, जितेन्द्र सिंह, प्रवीण कुमार सिंह, हीरालाल त्रिपाठी, मिथिलेश मिश्रा, रामकृपाल पाण्डेय, प्रमोद कुमार मिश्र, उमेश अग्निहोत्री, शिवांशु सिंह और राजकुमार सिंह उपस्थित रहे।

# जीतू पटवारी पर हो रहे जानलेवा हमले, सुरक्षा प्रदान करें सरकार : ज्ञान सिंह

नवभारत न्यूज

**सीधी 1 सितम्बर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने एवं प्रदेश में बढ़ते नशे के कारोबार को खत्म करने की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह के अगुवाई कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस महानिरीक्षक भोपाल के नाम ज्ञापन एडिशनल एसपी सीधी को सौंपा।**



ज्ञापन में जिला कांग्रेस कमेटी ने मांग की है कि 31 अगस्त को रतलाम प्रवास के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर अज्ञात लोगों द्वारा एकत्रित होकर हिंसक वातावरण निर्मित किया गया एवं उन पर जानलेवा हमला किया गया है, जीतू पटवारी पर पूर्व में भी इस तरह के हमले हो चुके हैं परंतु सरकार उनकी सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी निरंतर नशे के खिलाफ अभियान चलाए हुए हैं, उनका प्रयास है कि प्रदेश नशे से मुक्त हो, प्रदेश उड़ता प्रदेश न बन सके उसके लिए वह निरंतर आंदोलनरत हैं। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता की इसी के चलते उन पर बार-बार हमले किए जा रहे हैं ताकि वह इस मुद्दे पर चुप हो जाए।

अत: उन्हें सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराई जाए एवं नशे के कारोबार पर रोक लगाई जाए। चर्चा करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कहा कि पकड़े जा रहे नशे के कारोबारियों के साथ भाजपा नेताओं के साथ संबंधों का खुलासा एवं आरोपियों के साथ उनकी फोटो सोशल मीडिया पर निरंतर वायरल होती आ रही है। इससे इन आरोपियों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होने से इनकार नहीं किया जा सकता। इसी के चलते आरोपियों को हौंसले इतने बुलंद हो रहे हैं कि वो प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पर हमला करने का दुस्साहस कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने पुलिस महानिरीक्षक से आग्रह किया है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को पुलिस सुरक्षा प्रदान करें, साथ ही प्रदेश के फैलते नशे के कारोबार को समाप्त करने के लिए ठोस कदम उठाए।

### प्रतिनिधि मंडल में ये रहे शामिल

प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से संभागीय प्रवक्ता प्रदीप सिंह दीपू, जिला उपाध्यक्ष आकाश सिंह चौहान, उपाध्यक्ष दिनेश पाठक, महामंत्री ज्ञानेंद्र अग्निहोत्री, प्रवक्ता पंकज सिंह, महामंत्री जय सिंह, जिला संयोजक सेवादल अरविंद सिंह रोशन, ब्लॉक अध्यक्ष सीधी विवेक सिंह दीपू, सैनिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुनील सिंह शामिल रहे।

# दर्ज शिकायतों का समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें : सोमवंशी

नवभारत न्यूज

**सीधी 1 सितम्बर। समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की विभागवार विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।**



कलेक्टर श्री सोमवंशी ने कहा कि शिकायतों के निराकरण में किसी भी स्तर पर कोई उदासीनता या लापरवाही स्वीकार नहीं की जावेगी। संबंधित एल 1 एवं एल 2 अधिकारियों के विरूद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी। कलेक्टर ने कहा कि अगले दो दिनों में सीएम हेल्पलाइन की पुन: समीक्षा की जाएगी जिसमें सभी अधिकारी प्रगति के विवरण के साथ उपस्थित रहेंगे। कलेक्टर ने सभी विभागों को गत दो महीनों की तरह ए ग्रेड प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि माह जुलाई एवं अगस्त में शिकायतों के निराकरण में अच्छी प्रगति हुई है। हमें इसे सतत रूप से जारी रखना है। कलेक्टर ने समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम हेतु चयनित विषयों से संबंधित शिकायतों को प्राथमिकता पर निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अंशुमन राज, अपर कलेक्टर बी.पी. पाण्डेय, एसडीएम गोपद बनास राकेश शुक्ला, सिहावल प्रिया पाठक, मझौली आर.पी. त्रिपाठी, चुरहट शैलेष द्विवेदी सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### खाद विक्रय की सतत निगरानी रखने के निर्देश

कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को खाद विक्रय की स्थिति में सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि खाद उपलब्धता की जानकारी पूरी पारदर्शिता के साथ किसानों को उपलब्ध कराई जाए। साथ ही उपलब्ध खाद का विक्रय पूरी निष्पक्षता के साथ किया जाए। कलेक्टर ने खाद की कालाबाजारी करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने जिले से की जा रही नियुक्तियों में पूरी पारदर्शिता तथा निष्पक्षता का पालन करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग जिले में विभिन्न पदों में नियुक्ति करते समय शासन द्वारा जारी निर्देशों का कढ़ाई से पालन सुनिश्चित करेंगे। इसमें किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कठोर अनुशासनात्मक तथा दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# गणेश स्कूल में अलंकरण समारोह का हुआ आयोजन, दिलाई गई शपथ

नवभारत न्यूज

**सीधी 1 सितम्बर। स्थानीय श्री गणेश सीनियर सेकेण्डरी स्कूल पड़रा में विद्यार्थी परिषद् के लिए अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें नए चुने हुए छात्र प्रतिनिधियों को विद्यालय काउंसिल में उनके द्वारा जिम्मेदारी निभाने की शपथ दिलाई गई। नव नियुक्त काउंसिल मेंबर्स ने स्कूल बैंड की सुमधुर ताल के साथ कदमताल करके संदेश दिया कि हम सेवा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। स्कूल हेड बॉय के लिए पार्थ सिंह एवं हेड गर्ल के लिए नियति लोधी का चयन किया गया।**



मुख्य अतिथि संस्था के संचालक नीरज शर्मा, असिस्टेंट डायरेक्टर अरुण ओझा, प्राचार्य डॉ.महेन्द्र कुमार तिवारी एवं प्रधानाध्यापिका माएमा सिमन्स के द्वारा संयुक्त रूप से श्रीगणेश जी व शिक्षा ज्ञान की देवी मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद स्कूल के बच्चों द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात् चयनित सभी छात्रों को बैज और शैश प्रदान किया गया और उन्हें उनके पदों की शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि नीरज शर्मा ने छात्रों को नसीहत देते हुए कहा कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन सहज रहने से ही संभव है। विद्यार्थी अनुशासित रहें, माता-पिता व गुरु भक्ति को सर्वोपरि समझेंगे तो उनका भविष्य हमेशा उज्ज्वल बनेगा। उन्होंने सभी छात्रों को उनके दायित्वों के प्रति समर्पित और अनुशासित रहने की प्रेरणा दी। उम्मीद जताई कि नए नेतृत्व के साथ विद्यालय नई ऊंचाइयों को छुएगा। प्रवक्ता राजकपूर चितेरा ने बताया स्कूल के चार हाउस जिसमे सतलुज हाउस, सरस्वती हाउस, सरयू हाउस एवं गंगा हाउस के कैप्टेन व उपकैप्टेन का चयन क्रमश: शुभम सिंह बैस, वैष्णवी सिंह, अभिमन्यु पाण्डेय, सांभवी सिंह, मयंक मिश्रा, ओजस्वी सिंह, उधाव सिंह, अरात्रिका डे रही। इसके अतिरिक्त विद्यालय के डिसिप्लिन इंचार्ज उत्सव एवं अनिका गुप्ता, स्पोर्ट्स कैप्टेन सार्थक तिवारी व माही एवं कल्चरल इंचार्ज अभिजीत मिश्रा व दीपाली सोनी रही। असिस्टेंट डायरेक्टर अरुण ओझा ने सभी पद अलंकृत विद्यार्थियों को जिम्मेदारी निर्वहन करने, उत्तम व्यवहार रखने, अनुशासित रहकर विद्यालय के नाम को आगे बढ़ाने की शपथ दिलवाई। प्राचार्य डॉ.महेन्द्र कुमार तिवारी ने विद्यालय की शिक्षण पद्धति, नैतिक मूल्यों और समग्र विकास पर आधारित शिक्षा प्रणाली की जानकारी दी। विद्यालय के खेल प्रशिक्षक सुभाष शुक्ल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम संचालन शिक्षिका जूली केसरवानी ने किया। समारोह में खेल प्रशिक्षक तरुणनाथ मिश्र, सूरज शुक्ल, माखनलाल मिश्र, विश्वास पाण्डेय, प्रियंका सिंह एवं अंकुर मिश्र समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

## प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन 5 को मनाएगा गौरव शिक्षक दिवस

**सीधी 1 सितम्बर।** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन सीधी द्वारा 5 सितम्बर को गौरव शिक्षक दिवस का आयोजन जिला अध्यक्ष इंजी.आर.बी.सिंह की अगुवाई में रमाबलदेव पैलेस सीधी में होगा। आयोजन के मुख्य अतिथि अजय सिंह राहुल विधायक विधानसभा क्षेत्र चुरहट, केदारनाथ शुक्ल पूर्व विधायक विधानसभा क्षेत्र सीधी, कौशल प्रताप सिंह संगठन मंत्री भारतीय शिक्षण मंडल मध्यप्रदेश, अजीत सिंह प्रदेश अध्यक्ष प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन मध्यप्रदेश, डॉ.अरविन्द त्रिपाठी प्राध्यापक पीएम श्री कॉलेज सीधी एवं आर.डी.शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन मध्यप्रदेश रहेंगे। सुबह 8:30 बजे डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की झांकी एवं भव्य शोभा यात्रा सिद्धभूमि इंटरनेशनल स्कूल पनवार से निकलकर नगर भ्रमण करते हुए 11:30 बजे रमाबल्देव पैलेस में पहुंचेगी। उक्त आयोजन में जिले के हजारों शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा।

# मोदी गरीबों के मसीहा, उनका अपमान 140 करोड़ भारतीयों का अपमान : डॉ .राजेश

## भारतीय जनता पार्टी ने राहुल गांधी का पुतला फूंक कर दिया धरना

नवभारत न्यूज

**सीधी 1 सितम्बर। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार भाजपा जिलाध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अध्यक्षता में कांग्रेस नेता राहुल गांधी एवं उनके कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं स्वर्गीय पूज्य उनकी माताजी पर की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध स्वरूप स्थानीय मानस भवन के सामने के प्रांगण में विशाल धरना आयोजित कर राहुल गांधी की अर्थी निकालकर पुतला दहन किया। जिसमें प्रमुख रूप से लोकसभा सांसद डॉ.राजेश मिश्रा, धौंहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम और सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक की विशिष्ट उपस्थिति रही।**



धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए लोकसभा सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और उनके नेता लगातार चुनावी हार के कारण विक्षिप्त और डिस्टर्ब हो गए हैं, उनका मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। इसलिए वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी माताजी के लिए अभद्र शब्दों का, अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। कांग्रेस द्वारा वोट चोरी के लगाए जा रहे इल्जाम पर सांसद डॉ.मिश्रा ने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि वोट चोरी नहीं हुआ है बल्कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के अरमान चोरी हो गए हैं। राहुल गांधी का आचरण असभ्य और अक्षम्य है। राहुल गांधी के नेतृत्व में पूरी कांग्रेस पार्टी 90 से अधिक चुनाव हार चुकी है। मोदी जी गरीबों के मसीहा और देवता तुल्य हैं। उनका अपमान देश के 140 करोड़ देशवासियों का अपमान है। इसके लिए पूरी कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी को जनता जनार्दन से माफी मांगनी चाहिए, अन्यथा देश भर में कांग्रेस का सफाया होगा। भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने कड़े शब्दों में कांग्रेस और राहुल गांधी को आड़े हाथों लिया। श्री चौहान ने कहा कि कांग्रेस और उनके नेताओं का कार्य ही महिलाओं का अपमान करना हो गया है। कभी महिलाओं को शराबी कहकर तो कभी बोरे में भरने की बात कहना। भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि वोट आम जनता का चोरी नहीं हुआ बल्कि कांग्रेस, राहुल गांधी और पूरा परिवार ही जमानत पर घूम रहा है। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री चौहान ने चेतावनी भरे शब्दों में कहा कि कांग्रेस और उनके नेता अभद्र और गलत बयानबाजी से बाज आयें अन्यथस भाजपा और देश की जनता कांग्रेस मुक्त भारत बनाने के लिए कोई कोर-कसर नही छोड़ेगी।

आयोजित धरना के दौरान झमाझम बारिश देखने को मिली। किन्तु इस बारिस के दौरान कार्यकर्ताओं का उत्साह, उमंग और जज्बा देखते ही बन रहा था। रिमझिम बारिश के दौरान भाजपा नेताओं ने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य इंद्रशरण सिंह चौहान, वरिष्ठ भाजपा नेता यदुनाथ सिंह चौहान, पूर्व जिलाध्यक्ष केके तिवारी, बृजबिहारी लाल शर्मा, लालचंद गुप्ता, जनपद अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह परिहार, पूर्व नपाध्यक्ष अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह मुन्नू, अंजू केसरी, डॉ.देवेंद्र त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष अंजू पाठक सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी और सैकड़ो कार्यकर्ता और महिला मोर्चा की बहने उपस्थित रही और धरने को संबोधित किया।

### भारत बनेगा विश्व की महाशक्ति : कुंवर सिंह

धौंहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी एवं सम्पूर्ण कांग्रेस परिवार देश से माफी मांगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्व की महाशक्तियों का डटकर मुकाबला कर रहा है। भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। ऐसी स्थिति में जहां कांग्रेस को देश की जनता ने नकारा है वहीं कांग्रेस और उनके नेता और मर्यादित हो रहे हैं। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता कांग्रेस को आने वाले दिनों में इतिहास बनाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा।

### अर्थी निकालकर राहुल गांधी का फूंका पुतला

जबरदस्त धरना प्रदर्शन के पश्चात पार्टी नेताओं ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अर्थी निकालकर कांग्रेस भवन के सामने उनका पुतला फूंका। पुतले को मुखाग्नि महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पूनम सोनी ने दी। इस दौरान पार्टी नेताओं ने महिलाओं का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान। राहुल गांधी माफी मांगो, माफी मांगो। महिलाओं के सम्मान में भाजपा मैदान में। नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के जबरदस्त नारे महिला मोर्चा और पार्टी नेताओं ने लगाए।

## जिले में औसत वर्षा 1121.6 मिमी. दर्ज, सर्वाधिक वर्षा बहरी में

**सीधी 1 सितम्बर।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 01 सितम्बर को सीधी जिले में 10.7 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 15.5 मिमी., चुरहट 0.0 मिमी., गोपद बनास में 32.4 मिमी., सिहावल में 0.0 मिमी., बहरी में 0.0 मिमी., मझौली में 0.0 मिमी. और कुसमी में 27.0 मिमी. वर्षा हुई है। उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 1121.6 मिमी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 1 जून से 1 सितम्बर तक तहसील बहरी में सर्वाधिक वर्षा 1229.9 मिमी. दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 901.4 मिमी., चुरहट में 1069.0 मिमी., गोपद बनास में 1176.4 मिमी., सिहावल में 1180.4 मिमी., मझौली में 1196.0 मिमी. और कुसमी में 1098.0 मिमी. औसत वर्षा हुई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में जिले में 1080.7 मिमी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष 40.9 मिमी. औसत वर्षा अधिक हुई है।